828

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र– 2022–23

## संगीत वादन

### कक्षा–X

समय–3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांक–70

नोट– प्रश्न–पत्र में दो भाग हैं– 'प्रथम भाग ' तबला ,पखावज तथा मृदंग के विद्यार्थियों के लिए तथा 'द्वितीय भाग' सितार, वीणा, सारंगी, सरोद, इसराज, गिटार, वायलिन तथा बाँसुरी के विद्यार्थियों के लिए। परीक्षार्थियों को अपने लिए हुए विषय वाद्य में से किसी एक भाग से ही प्रश्नों के उत्तर हल करने होंगे।

निर्देश–

–प्रारम्भ के 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।
–प्रत्येक भाग 'खण्ड क' एवं 'खण्ड ख' में विभाजित है।
–'खण्ड क' में बहुविकल्पीय प्रश्न है जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 पत्रक पर देना है।
–प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (प्रथम भाग) वादन

### खण्ड 'क'

20X1= 20 अंक

बहुविकल्पीय प्रश्न–

निर्देश– सही उत्तर छांटकर लिखिए –

1–झपताल और सूलताल में समानता है–

(क)मात्रा (ख) ताली (ग) खाली (घ ) वाद्य

2–ध्रुपद गायकी के साथ किस वाद्य का प्रयोग किया जाता है?

(क) ढोलक (ख) तबला (ग) नाल (घ) मृदंग

3–रूपक ताल में कितनी मात्राएं होती है?

(क) सात (ख) आठ (ग) चार (घ) पांच

4–भजन, गीत आदि के साथ कौन सी ताल बजाई जाती है?

(क) चारताल (ख) सूलताल (ग) कहरवा (घ) दीपचंदी

5–सोलो (एकल) वादन में प्रायः किस ताल का प्रयोग किया जाता है?

(क) कहरवा (ख) दादरा (ग) चारताल (घ) तीनताल

6–कौन सी ताल चौदह मात्रा की है?

(क) एकताल (ख) दादरा (ग) झपताल (ध) दीपचन्दी

7–ठुमरी की गायकी के साथ कौन सी ताल बजाई जाती है?

(क) दीपचन्दी ताल (ख) तीनताल (ग) रूपक (घ) तीवरा

Downloaded from cclchapter.com

8–पेशकारा किस भाषा का शब्द है?

(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) फारसी (घ) अरबी

9–पेशकारा किस लय में बजाया जाता है?

(क) विलम्बित (ख) द्रुत (ग) मध्य (घ) तीव्र

10–परन बजाने के लिए किस वाद्य का प्रयोग प्राचीन काल में होता था?

(क) पखावज (ख) गिटार (ग) सितार (घ) वायलिन

11–कहरवा तथा दादरा तालों में किसका प्रयोग होता है?

(क) परन (ख) टुकड़ा (ग) लग्गी (घ) तिपल्ली

12–लग्गी के बोलों को उलट पलट कर बजाने को क्या कहते है?

(क) बांट (ख) कायदा (ग) रेला (घ) टुकड़ा

13–भातखण्डे ताल लिपि पद्वति के निर्माता कौन है?

(क) विष्णु नारायण भातखण्डे (ख) जाकिर हुसैन (ग) अमीर खुसरो (घ) तानसेन

14–भातखण्डे पद्वति में सम का चिन्ह है–

(क) 0 (ख) X (ग) 3 (घ) 2

15–तालों में विभाग दिखाने के लिए किस रेखा का प्रयोग किया जाता है–

(क) खड़ी रेखा (ख) बड़ी रेखा (ग) वक्र (घ) चन्द्र

16–तबले में कितने वर्ण होते हैं?

(क) 6 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 10

17–दोनों हाथो से बजने वाले वर्ण कौन से हैं?

(क) धा, धिं (ख) गदिगन (ग) तिं (घ) ता

18–तीनताल में किस मात्रा पर खाली होता है?

(क) नौवीं (ख) पांचवी (ग) चौथी (घ) पहली

19–चारताल कितनी मात्रा की ताल है?

(क) छः मात्रा (ख) सात (ग) 12 (घ) 9

20–"तत् या वित" की श्रेणी में कौन सा वाद्य होता है?

(क) मंजीरा (ख) ढपली (ग) सितार (घ) ढोलक

Downloaded from cclchapter.com

खण्ड–'ख'

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–  7 X 2= 14 अंक

1–परन की परिभाषा लिखिए।

2–रेला से क्या तात्पर्य है?

3–सम से आप क्या समझते हैं?

4–कहरवा ताल किस प्रकृति की ताल है?

5–तानसेन का जन्म कहाँ हुआ था?

6–"भारतरत्न" पुरस्कार प्राप्त किन्ही दो कलाकारों का नाम लिखिए।

7–सुषिर वाद्य के अन्तर्गत कौन से वाद्य आते है? उनके नाम लिखिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न  4 X 5= 20 अंक

8–चारताल का परिचय देते हुए, ठेका, दुगुन चौगुन लिखिए।

9–तिहाई कितने प्रकार की होती है? उदाहरण सहित लिखिए।

10–निम्न में से किन्ही दो की परिभाषा लिखिए।

(क) वर्ण (ख) टुकड़ा (ग) परन (घ) सम

11– ताल पहचान कर उसके नाम लिखिए।

(क) तेटे कत / गदिगन (ख) नक धिना

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(नोट) किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–  2 X 8= 16 अंक

12–अपने वाद्य में बजाने वाले वर्ण एवं बोलों को निकालने की विधि लिखिए।

अथवा

तीनताल में कायदे के दो पल्टे और एक तिहाई लिखो।

13–किसी संगीत समारोह का आँखो देखा वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

पं0 विष्णु नारायण भातखण्डे जी के संगीतिक योगदान को विस्तारतः समझाइए।

Downloaded from cclchapter.com

संगीत वादन— द्वितीय भाग
(सितार एवं अन्य तन्त्र वाद्य के विद्यार्थियों के लिए)

## खण्ड 'क'

बहुविकल्पीय प्रश्न 20X1= 20 अंक

1 एक सप्तक में कुल स्वरों की संख्या कितनी होती है?

(क) 7 (ख) 12 (ग) 5 (ध) 6

2–भारत में संगीत की कितनी पद्धतियॉ प्रचलित हैं?

(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

3-संगीत में रागों की उत्पत्ति किससे मानी गयी है?

(क) थाट से (ख) श्रुति से (ग) स्वर से (घ) सप्तक से

4–भारखण्डे संगीत लिपि पद्धति के अनुसार सम को किससे चिह्नांकित करते है?

(क) x (ख) 0 (ग) 2 (ध) S

5–विष्णु दिगम्बर संगीत लिपि पद्धति में कोमल स्वरों का चिह्न क्या है?

(i) ग़ नि़ (ii) ग् नि् (iii) गं निं (iv) ग॑ नि॑

6–किस प्रकार के वाद्यों में घसीट का प्रयोग किया जाता है?

(i) तत् वाद्यों में (ii) अवनद्व वाद्यों में (iii) घन वाद्यों में (iv) सुषिर वाद्यों में

7–रागों के पहचानयुक्त छोटे से स्वर समुदाय को क्या कहते है?

(i) पकड़ (ii) आरोह (iii) अवरोह (iv) नाद

8– राग विहाग किस जाति का राग है?

(i) औड़व सम्पूर्ण (ii) सम्पूर्ण सम्पूर्ण (iii) षाड़व–सम्पूर्ण (iv) औड़व-षाड़व

9–राग काफी में कौन से दो स्वर कोमल माने गए है?

(i) ग़ नि़ (ii) ध़ नि़ (iii) रे़ नि़ (iv) ग़ ध़

10–राग देश किस थाट का राग है?

(i) खमाज (ii) कल्याण (iii) भैरव (iv) मारवा

11–तीनताल में किस मात्रा पर खाली पड़ती है?

(i) 9 पर (ii) 5 पर (iii) 13 पर (iv) 12 पर

Downloaded from cclchapter.com

12 एकताल में विभागों की कितनी संख्या है?

(i) 6 (ii) 4 (iii) 5 (iv) 2

13–कहरवा ताल में कुल कितनी मात्राएं होती है?

(i) 8 (ii) 9 (iii) 10 (iv) 5

14–विलम्बित लय की गत को क्या कहते है?

(i) मसीतखानी गत (ii) रजाखानी गत (iii) अमीरखानीगत (iv) द्रुतगत

15–पं0 हरि प्रसाद चौरसिया किस वाद्य के लिए प्रसिद्ध है?

(i) बॉसुरी (ii) गिटार (iii) सितार (iv) वीणा

16–तत् वाद्य का क्या अर्थ है?

(i) तार वाले वाद्य (ii) चमड़े वाले वाद्य (iii) घन वाद्य (iv) सुषिर वाद्य

17–भारतीय संगीत में वाद्यों को कितने भागों में बॉटा गया है?

(i) 2 (ii) 3 (iii) 4 (iv) 5

18–हिन्दुतानी शास्त्रीय संगीत में कुल थाटों की संख्या कितनी मानी गयी है?

(i) 10 (ii) 9 (iii) 5 (iv) 8

19–सितार वाद्य के मुख्य दो बोल कौन से है?

(i) दा, रा (ii) दिर, दा (iii) दिर दिर (iv) ऽर दाऽ

20–तिहाई कितने प्रकार की होती है?

(i) 2 (ii) 3 (iii) 4 (iv) 5

## खण्ड–ख

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न** 7X2= 14 अंक

1–विवादी स्वर की परिभाषा लिखिए।

2–सप्तक कितने प्रकार के होते है? नाम लिखिए।

3–मुर्की से आप क्या समझते है?

4–बर्ण किसे कहते है?

5–तिहाई को परिभाषित कीजिए।

Downloaded from cclchapter.com

6 स्वर विस्तार किसे कहते हैं?

7- पाठ्यक्रम के किसी एक राग में कोई एक अलंकार लिखिए।

**लघुउत्तरीय प्रश्न** 4X5= 20 अंक

8- तीनताल का संपूर्ण परिचय लिखते हुए ठाह व दुगुन लिखिए।

9- राग विहान का संक्षिप्त परिचय आरोह, अवरोह, पकड़ सहित लिखिए।

10–अपने वाद्य के विभिन्न अंगो के बारे में लिखिए।

11–मसीतखानी गत को सोदाहरण समझाइए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

नोट: किन्ही दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 2X8= 16 अंक

12–अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग की रजाखानी गत लिखिए।

अथवा

अपने वाद्य के विभिन्न बोलों एवं वर्णो को निकालने की विधि समझाइए।

13–मानव जीवन में संगीत के प्रभाव पर प्रकाश डालिए।

अथवा

मियॉ तानसेन अथवा पं0 विष्णु दिगम्बर पलुष्कर का जीवन परिचय लिखते हुए उनके संगीतिक योगदान को लिखिए।

Downloaded from cclchapter.com